# सीएमईआरआई के सतत अभिनव पर वेबिनार

**दुर्गापुर।** लघु और मध्यम उद्योग संघ, पश्चिम बंगाल द्वारा एमएसएमईस के लिए सीएसआईआर-सीएमईआरआई के सतत अभिनव समाधान पर वेबिनार किया गया। सीएमईआरआई के निद. ेशक प्रो. डा. हरीश हिरानी, ने बतौर मुख्य वक्ता भाषण दिया। वेबिनार में कई एमएसएमई उद्योगों, उद्यमियों, स्टार्टअप और अन्य हितधारकों ने भाग लिया। एफओएसएमआई, पश्चिम बंगाल के अध्यक्ष बिश्वनाथ भट्टाचार्य ने महत्वपूर्ण सीएमईआरआई के प्रौद्योगिकी सम्मेलनों के बारे में जानने के लिए क्षेत्र के एमएसएमई कोअवसर प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। श्री भट्टाचार्य ने हाल के वर्षों में सीएमईआरआई द्वारा सस्टेनेबल और अफोर्डेबल टेक्नोलॉजीज के क्षेत्र में किए गए तकनीकी कौशल और जबरदस्त प्रौद्योगिकी प्रगति को संक्षेप में बताया। प्रो. हरीश हिरानी ने कहा कि एमएसएमई राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के जीवन-बल हैं। सीएमईआरआई सहयोगात्मक मोड के साथ अभिनव, सतत और सस्ती समाधानों से आयात-प्रतिस्थापन प्रदान करने पर केन्द्रित है। भाग लेने वाले एमएसएमइ के कई प्रतिनिधियों ने प्रो. हिरानी से अनुरोध किया कि स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के आगे विकास की दिशा में आगे बढ़ें, ताकि भारतीय विनिर्माण परिदृश्य में सस्ती और गर्व से मेड इन इंडिया उत्पादों का प्रसार किया जा सके।